# रसायन विज्ञान में नोबेल पुरस्कार 2024

[स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस](#)

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में **रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज़ द्वारा वर्ष 2024 के लिये रसायन विज्ञान में नोबेल पुरस्कार** प्रदान किया गया।

- पुरस्कार का **आधा भाग डेविड बेकर को कम्प्यूटेशनल प्रोटीन के डिज़ाइन** के लिये दिया गया, जबकि **दूसरा आधा भाग** संयुक्त रूप से **डेमिस हसबिस और जॉन एम. जंपर को प्रोटीन की संरचना की भविष्यवाणी** के लिये प्रदान किया गया है।

## डेविड बेकर का योगदान क्या है?

- **प्रोटीन इंजीनियरिंग में क्रांतिकारी बदलाव**: बेकर के अनुसंधान समूह ने **प्रोटीन इंजीनियरिंग** की संभावनाओं को नया आकार देते हुए, **नए प्रोटीनों को** डिज़ाइन करने के लिये **कम्प्यूटेशनल विधियों का उपयोग किया है।**
  - प्रोटीन के निर्माण वाले **20 विभिन्न** अमीनो एसिड में बदलाव करके, उनकी टीम ने **नए प्रोटीन बनाए हैं,** जो प्रकृति में मौजूद नहीं हैं।
- **चिकित्सा और प्रौद्योगिकी में अनुप्रयोग: इन कृत्रिम रूप से डिज़ाइन किये गए प्रोटीनों में विशेष रूप से फार्मास्यूटिकल्स,** टीके, नैनोमैटेरियल्स **और बायोसेंसर** के विकास में व्यापक संभावनाएँ हैं।
  - बेकर ने सफलतापूर्वक नए कार्यों वाले प्रोटीन का डिज़ाइन तैयार किया है, जैसे प्लास्टिक को विघटित करना या प्राकृतिक प्रोटीन की क्षमता से परे कार्य करना।
- **वर्ष 2003 में पहली सफलता**: बेकर को पहली बड़ी सफलता वर्ष **2003 में मिली** जब उनकी टीम ने एक ऐसा प्रोटीन तैयार किया, जो प्रकृति में पाए जाने वाले किसी भी प्रोटीन से **पूर्ण रूप से भिन्न था।**

## डेमिस हसाबिस और जॉन जंपर का योगदान क्या है?


- **प्रोटीन फोल्डिंग की समस्या**: वर्ष 1970 के दशक से वैज्ञानिक यह अनुमान लगाने में **संघर्ष कर रहे हैं कि अमीनो एसिड के तार अपने त्रि-आयामी आकार** में कैसे वलित होते हैं।
  - प्रोटीन की संरचना महत्त्वपूर्ण है क्योंकि यह **उसके कार्य को निर्धारित करती है।**
  - **दवा की खोज, रोग उपचार और** जैव-प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में प्रगति के लिये इन संरचनाओं को समझना आवश्यक है।
- **अल्फाफोल्ड-2 के साथ सफलता**: वर्ष 2020 में **हसबिस और जंपर ने अल्फाफोल्ड-2** प्रस्तुत किया**, जो एक** AI**-संचालित प्रणाली** है जिसने भविष्य में प्रोटीन **संरचना में क्रांति ला दी।**
  - यह मॉडल लगभग **प्रत्येक ज्ञात प्रोटीन, 200 मिलियन,** की संरचना का **पूर्वानुमान लगाने में सक्षम था।**
  - इस उपलब्धि से संरचनात्मक जीव विज्ञान की **50 वर्ष पुरानी समस्या का समाधान हो गया।**
  - **प्रोटीन संरचनाओं को डिकोड करने के पारंपरिक तरीके**, जैसे कि **एक्स-रे, क्रिस्टलोग्राफी** आदि मंद, श्रमसाध्य और समय लेने वाले हैं।
- **व्यापक उपयोग और प्रभाव**: अल्फाफोल्ड-2 का उपयोग विश्व भर में **दो मिलियन से अधिक शोधकर्त्ताओं द्वारा किया गया है**, जिससे विभिन्न क्षेत्रों में सफलता मिली है।
  - **उदाहरण के लिये यह एंटीबायोटिक प्रतिरोध को** समझने और **प्लास्टिक को विघटित करने में सक्षम** एंजाइम के निर्माण करने में सहायक रहा है।

## प्रोटीन से संबंधित मुख्य तथ्य क्या हैं?

- **निर्माण खंड के रूप में अमीनो एसिड: प्रोटीन अमीनो एसिड की दीर्घ शृंखलाओं** से निर्मित होते हैं, जो कार्बनिक अणु होते हैं जिसमें **कार्बन, हाइड्रोजन, नाइट्रोजन, ऑक्सीजन** और कभी-कभी सल्फर भी शामिल होते हैं।
  - इसमें **20 प्रकार के विभिन्न अमीनो एसिड होते हैं** और इनके विभिन्न संयोजन, **त्रि-आयामी संरचनाओं** में **संयोजित होकर**, जैविक प्रक्रियाओं के लिये आवश्यक प्रोटीन का निर्माण करते हैं।

- **प्रोटीन की संरचनात्मक भूमिका**: प्रोटीन की त्रि-आयामी संरचना इसके कार्य को निर्धारित करती है।
    - वर्ष 1972 में रसायन विज्ञान में नोबेल पुरस्कार **क्रिश्चियन एन्फिन्सन को राइबोन्यूक्लिएस** पर उनके कार्य के लिये दिया गया था, विशेष रूप से **अमीनो एसिड अनुक्रम के बीच।**
- **आवश्यक अणु के रूप में प्रोटीन**: प्रोटीन जीवित जीवों में लगभग प्रत्येक जैविक प्रक्रिया के लिये **मौलिक हैं और जैव रासायनिक प्रतिक्रियाओं को गति देने**, संरचनात्मक समर्थन प्रदान करने, **प्रतिरक्षा प्रतिक्रियाओं में सहायता करने** और पोषक तत्वों को संग्रहीत करने जैसे विविध कार्य करते हैं।

//



# नोबेल पुरस्कार (Nobel Prize)

- **अल्फ्रेड नोबेल (डायनामाइट के आविष्कारक)** के वसीयतनामे के अनुसार स्थापित।
- यह पुरस्कार उन लोगों को दिया जाता है जिन्होंने **पूर्ववर्ती वर्ष के दौरान मानव जाति को अधिकतम लाभ** प्रदान किया है।
- **पहली बार** ये पुरस्कार **वर्ष 1901 में** दिये गए।
- **पुरस्कार 6 श्रेणियों में दिये जाते हैं:**

**भौतिकी**
रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज

**रसायन**
रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज

**फिजियोलॉजी या चिकित्सा**
कैरोलिंस्का इंस्टीट्यूट की नोबेल असेंबली



**साहित्य**
स्वीडिश एकेडमी

**शांति**
नार्वे की नोबेल कमेटी

**अर्थशास्त्र (स्वीडन के सेंट्रल बैंक द्वारा 1968 में स्थापित)**
रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज

- पुरस्कार समारोह का आयोजन **हर साल** दिसंबर में **स्टॉकहोम, स्वीडन** में किया जाता है।
  - **शांति पुरस्कार** स्टॉकहोम समारोह में नहीं दिया जाता है बल्कि यह हर साल उसी दिन **ओस्लो, नॉर्वे** में दिया जाता है।
- प्रत्येक नोबेल पुरस्कार विजेता **एक स्वर्ण पदक, एक डिप्लोमा और एक मौद्रिक पुरस्कार** प्राप्त करता है।
- नोबेल पुरस्कार **मरणोपरांत नहीं दिया जा सकता** है। साथ ही साझा रूप से अधिकतम **3** लोगों को ही नोबेल पुरस्कार दिया जा सकता है।
- **नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रथम भारतीय: रवींद्रनाथ टैगोर**, साहित्य के लिये **(1913)**
  - **नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने वाली प्रथम भारतीय महिला: मदर टेरेसा**, शांति के लिये **(1979)**

## UPSC सविलि सेवा परीक्षा वगित वर्ष के प्रश्न (PYQs)

[illegible]

**प्रश्न: विकास की वर्तमान स्थिति में, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (Artificial Intelligence), निम्नलिखित में से किस कार्य को प्रभावी रूप से कर सकती है ? (2020)**

1. औद्योगिक इकाइयों में विद्युत् की खपत कम करना
2. सार्थक लघु कहानियों और गीतों की रचना
3. रोगों का निदान
4. टेक्स्ट से स्पीच (Text-to-Speech) में परिवर्तन
5. विद्युत् ऊर्जा का बेतार संचरण

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

(a) केवल 1, 2, 3 और 5
(b) केवल 1, 3 और 4
(c) केवल 2, 4 और 5
(d) 1, 2, 3, 4 और 5

**उत्तर: (b)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/nobel-prize-in-chemistry-2024